पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व पर दी बधाई

लखनऊः 24 अक्टूबर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज विजयादशमी (दशहरा) पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए समाज में भाईचारा , नैतिकता और आदर्श की उत्तरोत्तर वृद्धि के साथ सबके सुख-समृद्धि की कामना की है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि यह त्यौेहार हमें अधर्म के विरुद्ध संघर्ष और सदाचार का दृढ़ता से पालन का आचरण सिखाता है। यह नैतिकता, अच्छाई और सदाचार के मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी पर्व को सभी लोगों को आपसी प्रेम,परम्परागत श्रद्धाभाव एवं हर्षाल्लास के साथ और सौहार्द से मनाते हुये समाज में व्याप्त बुराईयों एवं कुरीतियों का परित्याग करना चाहिए।

ज्ञातव्य है कि राजभवन में पिछले नौ दिनों से नवरात्रि के अवसर पर भव्य समारोह के साथ गरबा का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़े स्तर पर राजभवन के अधिकारियों , कर्मचारियों ,अध्यासित परिवारों के साथ-साथ जनप्रधिनिधियों , प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों तथा विशित गणमान्य अतिथियों ने बड़ी संख्या में राजभवन पहुंचकर देवी आराधना और गरबा में प्रतिभाग किया। आज दशमी के दिन ये उत्सव भी रंग और रीति के साथ सम्पन्न हुआ है।

डा0 सीमा गुप्ता,

सहायक निदेशक सूचना ,

राजभवन

सम्पर्क सूत्र- 8318116361